# तथ्य पत्रक - नाज़ी प्रतीक निषेध

नया कानूनी अपराध 29 दिसंबर 2022 से शुरू होता है

**यह तथ्य पत्रक उन नए कानूनों के बारे में है जो नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन को 29 दिसंबर 2022 से अपराध मानते हैं।**

## पृष्ठभूमि

नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन को आपराधिक बनाने के लिए विक्टोरियन सरकार के नए कानून 29 दिसंबर 2022 से शुरू होंगे। *सारांश अपराध संशोधन (नाज़ी प्रतीक निषेध) अधिनियम* 2022 (अधिनियम) जानबूझकर नाज़ी प्रतीक को (जिसे हेकेनक्रूज़ के नाम से भी जाना जाता है) सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के लिए एक नया सारांश अपराध बनाता है।

यह अपराध स्पष्ट संदेश देता है कि विक्टोरिया नाज़ी विचारधारा के संबंध में इन प्रतीकों के प्रदर्शन को बर्दाश्त नहीं करती है। इस तरह के सार्वजनिक प्रदर्शन से विक्टोरियन समुदाय के सदस्यों को नुकसान होता है।

नए कानूनों में कई अपवाद हैं जो बौद्ध, हिंदू, जैन और अन्य धार्मिक समुदायों के लिए स्वस्तिक के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को मान्यता देते हैं। इन समुदायों के लिए स्वस्तिक शांति और सौभाग्य का एक प्राचीन और पवित्र प्रतीक है। यह अपराध सांस्कृतिक और धार्मिक उद्देश्यों के लिए स्वस्तिक (जिसे गलती से नाज़ी हेकेनक्रूज़ समझ लिया जाता है) के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाता है। अपराध वास्तविक शैक्षिक, वैज्ञानिक या कलात्मक उद्देश्यों के लिए हेकेनक्रूज़ के प्रदर्शन पर भी रोक नहीं लगाता है।

**नए अपराध के बारे में अधिक जानकारी नीचे दी गई है।**

### 1. नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन का अपराध क्या है?

इस कायदे के अंतर्गत एक व्यक्ति एक कानूनी अपराध करता है यदि वे:

- सार्वजनिक स्थान पर या सार्वजनिक दृश्य में जानबूझकर नाज़ी विचारधारा का प्रतीक प्रदर्शित करें, और
- जानते हैं, या यथोचित रूप से ज्ञात होना चाहिए, कि प्रतीक नाज़ी विचारधारा का प्रतीक है।

इस अपराध के कई अपवाद हैं, जिसमें वास्तविक शैक्षणिक, धार्मिक, या कलात्मक उद्देश्यों के लिए यथोचित और नेक नीयत से प्रदर्शन करना शामिल है।

### 2. अपराध करने के लिए दंड क्या है?

एक व्यक्ति जो अपराध करता है उसे निम्न में से,

- लगभग $22,000 का जुर्माना या 120 पेनल्टी यूनिट,
- 12 महीने की कैद, या
- दोनों।

का सामना करना पड़ सकता है:



VICTORIA State Government | Justice and Community Safety

## 3. कौन से नाज़ी प्रतीकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है?

यह अपराध हेकेनक्रूज़ (अधिक व्यापक रूप से नाज़ी प्रतीक के रूप में जाना जाता है) के सार्वजनिक प्रदर्शनों पर लागू होता है। हेकेनक्रूज़ के समान दिखने वाले प्रतीकों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

हेकेनक्रूज़ नाज़ी विचारधारा से जुड़ा सबसे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त प्रतीक है और विक्टोरियन समुदाय के सदस्यों के प्रति घृणा भड़काने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सबसे व्यापक प्रतीक है।

## 4. क्या धार्मिक और सांस्कृतिक स्वस्तिक का सार्वजनिक प्रदर्शन प्रतिबंधित है?

अपराध, वास्तविक, धार्मिक या सांस्कृतिक उद्देश्यों के लिए स्वस्तिक के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। विक्टोरियन सरकार शांति और सौभाग्य के एक प्राचीन और पवित्र प्रतीक के रूप में बौद्ध, हिंदू, जैन और अन्य धार्मिक समुदायों के लिए स्वस्तिक के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को पहचानती है।

सरकार निम्नलिखित उद्देश्यों के लिये सामुदायिक शिक्षा अभियान देगी:

- धार्मिक और सांस्कृतिक स्वस्तिक की उत्पत्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाना,
- बौद्ध, हिंदू और जैन समुदायों के लिए इसके महत्व को पहचानना, और
- हेकेनक्रूज़ से स्वस्तिक के भेद की व्याख्या करना

## 5. क्या किसी भी परिस्थिति में नाज़ी प्रतीकों के प्रदर्शन की अनुमति है?

अपराध नफरत और असहिष्णुता के संदेश को व्यक्त करने के लिए हमारे समुदाय में नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन को लक्षित करता है। इसलिए अपराध के कई अपवाद हैं, यह मानते हुए कि नाज़ी प्रतीकों को वास्तविक उद्देश्यों के लिए प्रदर्शित किया जा सकता है।

एक व्यक्ति अपराध नहीं करेगा यदि वह उचित रूप से और नेक नीयत से नाज़ी प्रतीक प्रदर्शित करता है:

- एक वास्तविक शैक्षणिक, कलात्मक, धार्मिक या वैज्ञानिक उद्देश्य के लिए
- एक वास्तविक सांस्कृतिक या शैक्षणिक उद्देश्य के लिए
- किसी भी घटना या जनहित के मामले की निष्पक्ष और सटीक रिपोर्ट बनाने या प्रकाशित करने में, या
- नाज़ीवाद या संबंधित विचारधाराओं के विरोध में।

नाज़ी प्रतीक के टैटू (गोदना) भी प्रतिबंध से मुक्त हैं।

## 6. क्या होगा अगर मैं इस बारे में अनिश्चित हूं कि क्या मैं नाज़ी प्रतीक प्रदर्शित कर सकता हूं?

व्यक्तियों और संगठनों को स्वतंत्र कानूनी सलाह लेनी चाहिए यदि वे इस बारे में अनिश्चित हैं कि नाज़ी प्रतीक के प्रस्तावित सार्वजनिक प्रदर्शन की अनुमति है या नहीं।

विक्टोरिया लीगल एईड व्यक्तियों को विभिन्न मामलों पर निशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करता है। www.legalaid.vic.gov.au/contact-us पर उनकी वेबसाइट के माध्यम से उनसे संपर्क करें।

आप 1300 792 387 पर विक्टोरिया लीगल एईड की लीगल हेल्प फोन लाइन से भी कानून के बारे में मुफ्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फोन लाइन सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे के बीच उपलब्ध है।

लॉ इंस्टीट्यूट ऑफ विक्टोरिया (एल.आई.वी.) लीगल रेफरल सर्विस को व्यक्तियों और संगठनों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। LIV कानूनी रेफरल सेवा स्वतंत्र कानूनी सलाह प्रदान करने के लिए एक विशेषज्ञ सॉलिसिटर का पता लगाने में सहायता कर सकती है।

LIV लीगल रेफरल सर्विस को www.liv.asn.au/referral या (03) 9607 9550 पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रारंभिक परामर्श निशुल्क हैं।

## 7. अपराध को लागू करने के लिए विक्टोरिया पुलिस के पास क्या शक्तियाँ हैं?

पुलिस उस व्यक्ति पर आरोप लगा सकती है जिस पर सार्वजनिक रूप से नाज़ी प्रतीक प्रदर्शित करने का अपराध करने का संदेह है।

पुलिस निम्नलिखित भी कर सकती है:

- किसी व्यक्ति को नाज़ी प्रतीक को सार्वजनिक दृश्य से हटाने के लिए निर्देशित करें यदि वे यथोचित रूप से मानते हैं कि व्यक्ति अपराध कर रहा है,
- सार्वजनिक दृश्य से प्रतीक को हटाने के लिए उस संपत्ति के मालिक या कब्जे वाले को निर्देशित करें जहां एक नाज़ी प्रतीक प्रदर्शित किया गया हो,
- एक व्यक्ति पर आरोप लगाएं जो एक निर्देश के बाद नाज़ी प्रतीक को सार्वजनिक दृश्य से हटाने में विफल रहता है। जुर्माना लगभग $1,800 या 10 पेनल्टी यूनिट है।

यह सुनिश्चित करता है कि नाज़ी प्रतीक के निरंतर सार्वजनिक प्रदर्शन के कारण और नुकसान न हो।

## 8. मैं विक्टोरिया पुलिस से कैसे संपर्क करूं?

यदि आप पुलिस को नाज़ी प्रतीक के प्रदर्शन की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो कृपया अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क करें या क्राइम स्टॉपर्स को 1800 333 000 पर कॉल करें। यदि रिपोर्ट तत्काल जोखिम के संबंध में है, तो कृपया ट्रिपल जीरो (000) पर कॉल करें।

## प्रतिबंधित नाज़ी प्रतीक (हेकेनक्रूज़)







## अबाधित पवित्र स्वस्तिक






